Sixteenth Loksabha

pan>

Title: Need to give compensation to the workers injured in the BPCL Refinery fire blast.

श्री राहुल शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य): माननीय उपाध्यक्ष जी, कल बीपीसीएल रिफाइनरी में जो भीषण बलास्ट हुआ है, मैं केंद्र सरकार का ध्यान इस तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। कल दोपहर 2 बजकर 40 मिनट पर बीपीसीएल, भारत पेट्रोलियम रिफाइनरी में हाइड्रोक्रैकर प्लांट में क्रूड ऑयल रखा जाता है, वहां आग लगने से ब्लास्ट हुआ। इसके कारण बहुत नुकसान हुआ है। बीपीसीएल का यह प्लांट कुछ साल पहले यूरो-3 को अचीव करने के लिए बनाया गया था। कल गैस लीक होने के कारण एक्सप्लोजन हुआ, बड़ा ब्लास्ट हुआ। यहां लैवल थ्री की आग लगी थी । इस आग में 40 से ज्यादा कर्मचारी जख्मी हुए, दो कर्मचारी क्रिटिकल कंडीशन में हैं और तीन कर्मचारी सीरियस कंडीशन में हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार इस ब्लास्ट का असर इतना विस्फोटक था कि इससे निकला हुआ धुंआ कई किलोमीटर दूर से विजिबल था और इसकी आवाज दूर के इलाके पवैया और सैंध तक सुनाई दी ।

बीपीसीएल, एचपीसीएल, बीआरसी, आरसीएफ, बीएमसी और मज़गांव के फायर टैंकर आग बुझाने गए थे। अभी कल शाम को ही आग कंट्रोल में आई है। बीपीसीएल के आसपास गवानपाड़ा, माउलकोलीवाड़ा, अंबापाड़ा गांव, बीएमसी के प्रोजेक्ट और अफेक्टिड लोगों की कॉलोनी है।

मेरा सरकार से निवेदन है कि इस ब्लास्ट घटना की इंक्वायरी होनी चाहिए। गवानपाड़ा, माउलकोलीवाड़ा, अंबापाड़ा और आसपास के एरिया में लोगों का जो नुकसान हुआ है, उसका मुआवजा दिया जाए । इसके साथ ही जो कर्मचारी जख्मी हुए हैं, उनको भी मुआवजा दिया जाए । यहां चार रिफाइनरीज़ हैं, मेरा सरकार से निवेदन है कि सभी का फायर ऑडिट होना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटना न हो ।

माननीय उपाध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री अरविंद सावंत और डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे को श्री राहुल शेवाले द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।